Gulshan Polyols Limited
CIN: L24231UP2000PLC034918
Corporate Office: G-81, Preet Vihar,
Delhi-110092, India
Phone : +91 11 49999200
Fax : +91 11 49999202
E-mail : cs@gulshanindia.com
Website: www.gulshanindia.com

**GPL\SEC\48\2026-27**
**August 19, 2026**

**To,**

**BSE Limited**
Department of Corporate Service,
Floor 25, P. J. Towers,
Dalal Street, Mumbai
Maharashtra- 400 001

**Scrip Code: 532457**

**National Stock Exchange of India Limited**
Listing Department
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai
Maharashtra-400 051

**Symbol: GULPOLY**

**Subject: Newspaper Advertisement – Notice of the 26th Annual General Meeting of the Company, E-voting and other related information.**

Dear Sir/Ma'am,

Please find enclosed the copies of newspaper advertisements published today, i.e., August 19, 2026, regarding completion of dispatch of the Annual Report for the Financial Year 2025-26 and the Notice of 26th Annual General Meeting, to be held on **Friday, September 11, 2026**, at **01:00 P.M. (IST),** at **"The Solitaire INN Hotel, 6 Mile Stone, Meerut Road, National Highway 58, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh – 251001"**.

The aforesaid **dispatch was made to the Shareholders on August 18, 2026**, along with information regarding E-voting facility, in the newspapers as mentioned below-

1. "Financial Express" (English) All India Edition; and
2. "Dainik Jagran (Hindi) in Meerut Edition

This will also be hosted on Company's website at www.gulshanindia.com

This is for your information and records.

Thanking You,

Yours faithfully
**For GULSHAN POLYOLS LIMITED**

REETIKA PANT Digitally signed by REETIKA PANT Date: 2026.08.19 10:56:40 +05'30'

**Reetika Pant**
**Company Secretary**

Encl.: As below

# बास स्कैम को लेकर उद्यमियों को चेताया, बताए बचाव के उपाय

## उद्यमियों को साइबर पुलिस ने किया साइबर ठगी के प्रति सचेत

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरनगर:** साइबर थाना पुलिस ने बास स्कैम, एपीके फाइल को लेकर उद्यमियों को चेताया है। कहा कि साइबर ठगों ने उद्यमियों और बड़े व्यापारियों को शिकार बनाने के लिए बास स्कैम नाम से कंप्यूटर को हैक करने के साथ फर्म, उद्यमी की ई-मेल आइडी को हैक कर रहे हैं। इसके माध्यम से सीए और कंपनी के कर्मचारियों को मेल कर भुगतान कराते हैं। जनपद में एक उद्यमी से इसी तरह करोड़ों रुपये की ठगी की गई है।

मेरठ रोड स्थित फेडरेशन भवन में साइबर थाना पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम किया। इसमें पेपर मिल्स, लोहा उद्यमी समेत बड़े व्यापारियों के साथ संवाद किया गया। साइबर थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने कहा कि साइबर ठगों ने लूट करने के लिए नए-नए तरीके खोजे हैं, जिनमें बास स्कैम, एपीके फाइल के माध्यम से घुसपैठ करते हैं। दोनों फाइलों के जरिए साइबर ठग कंपनी, फर्म के मेलवेयर सिस्टम में घुसकर उसे हैक करते हैं। ई-मेल समेत कंप्यूटर पर फाइल भेजते हैं, जैसे ही कंप्यूटर आन होता है, तुरंत उसे हैक कर लेते हैं। उसके बाद फर्म से जुड़े कर्मियों, सीए समेत अन्य लोगों को भुगतान करने, पैसा भेजने की जानकारी झासा करते हैं। कहा कि इस तरह की कोई ई-मेल या वाट्सएप पर जानकारी आए तो उसे खोलें नहीं। इसके बारे में साइबर पुलिस को अवगत कराएं। बताया कि विगत दिनों गांधी कालोनी के एक उद्यमी को साइबर ठगों ने इसी तरह से शिकार बनाया।



फेडरेशन भवन में कार्यक्रम को संबोधित करतेसाइबर थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह • सौ. पुलिस

## अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी

**खतौली:** दिल्ली के अशोक नगर की अनीता ने बताया कि 7 अगस्त को उसके पति कुलदीप कोहली अपने साथी के साथ हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे थे। दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित झिलमिल होटल के पास सड़क पार कर लघुशंका के लिए जा रहे थे, तभी वाहन ने उनको टक्कर मार दी। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। -संस।

## पुलिस ने दो युवती बरामद की

**सिखेड़ा :** क्षेत्र से दो युवती लापता हो गई थीं। इनको पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। क्षेत्र के गांव निवासी स्वजन ने गौरव निवासी नगला मुबारिक पर युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि बुधवार को युवती और आरोपित को मुजफ्फरनगर से बरामद कर लिया है। दूसरे मामले में लगभग एक माह पूर्व क्षेत्र के ही गांव से एक नाबालिग लापता हो गई थी। उसको भी पुलिस ने रुड़की से तलाश कर बरामद कर लिया है।

# प्रवेश समय सीमा बढ़ाने के लिए कुलाधिपति को भेजा पत्र

- यूजी-पीजी में 42 हजार से अधिक सीटों पर प्रवेश
- कालेजों में देर शाम तक चले छात्र-छात्राओं के प्रवेश

**जागरण संवाददाता, सहारनपुर:** मां शाकंभरी विश्वविद्यालय ने यूजी-पीजी कक्षाओं में प्रवेश की समय-सीमा एक सप्ताह तक बढ़ाने के लिए कुलाधिपति को पत्र भेजा है।

मंगलवार को देर शाम तक कालेजों में छात्र-छात्राओं ने प्रवेश चले। 42 हजार से अधिक सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होने का दावा किया गया है।

मंगलवार को यूजी-पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए सुबह से ही छात्र-छात्राओं की भीड़ रही। कुछ कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया देर शाम तक भी चली। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर वाई विमला द्वारा यूजी-पीजी में प्रवेश की समय-सीमा एक सप्ताह बढ़ाने के लिए कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र भेजा है, जिससे प्रवेश से वंचित रहे छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकें।

विश्वविद्यालय से 42 हजार से अधिक सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। राजकीय और एडिड कालेजों में अधिकांश सीटें भर चुकी है। समय-सीमा बढ़ने की स्थिति में प्रवेश के लिए नए पंजीकरण खोले जा सकेंगे।




# पीडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे सपा के प्रदेश अध्यक्ष

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा की तैयारियां शुरू

**संवाद सूत्र, जागरण• छपार:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बुधवार को बरला गांव में पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसमें पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी, सेक्टर प्रभारी व बूथ कमेटी के कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। इसकी तैयारियां पूरी हो गई हैं।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके चलते प्रदेश के सभी जनपदों की प्रत्येक विधानसभाओं में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश स्तर के नेता कार्यकर्ताओं से संवाद कर विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान कर रहे हैं। बुधवार को पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के गांव बरला में हाईवे पर स्थित बैंक्वेट हाल में पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसे सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में पीडीए के विधानसभा कमेटी, सभी जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बीएलए, ब्लाक कमेटी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रतिभाग करेंगे। बैंक्वेट हाल के बाहर पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र से टिकट की दावेदारी कर रहे नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर बड़े-बड़े होर्डिंग लगा दिए गए हैं। सपा के पुरकाजी विधानसभा अध्यक्ष संजीव आर्य ने बताया कि बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पीडीए कार्यकर्ता को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।


कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बरला में बैंक्वेट हाल पर लगे सपा नेताओं के बोर्ड • जागरण

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का मीरापुर में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**संवाद सूत्र, जागरण• रामराज:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का रामराज में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उधर, मीरापुर में बस स्टैंड के निकट और मदरसा जामिया इस्लामिया के सामने भी उनका स्वागत किया गया।

रामराज में पुलिस चौकी के निकट सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को फूल मालाओं से लाद दिया। काफिले में शामिल दर्जनों कारों से कुछ समय के लिए हाईवे मार्ग पर जाम लग गया। जिला अध्यक्ष जिया चौधरी, बुढ़ाना विधायक पंकज मलिक, पूर्व सपा प्रत्याशी लियाकत, मौलाना नजर, सुशील शर्मा, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मीरापुर सादिक चौहान, चौ.वीरेंद्र सिंह, सरदार प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे। जानसठ में डीएवी इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य समुद्र सेन सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सपा प्रदेश अध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। शाहनवाज मलिक, मेहरबान, महेन्द्र काम्बोज, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।



सपा प्रदेश अध्यक्ष का रामराज में जोरदार स्वागत किया • जागरण

## युवक पर लाठी-डंडों से हमला, पुलिस जांच में जुटी

**खतौली:** आवास-विकास कालोनी निवासी पूनम पत्नी हरेंद्र सोलंकी ने बताया कि उसका बेटा सूरज साढ़े पांच बजे सोनू की दुकान पर बाइक की मरम्मत कराने गया था। कार से आधा दर्जन युवक उतर आए। आरोप है कि युवकों ने सूरज पर जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों और सरिये से हमला किया। अशं वर्धन, अभिषेक, प्रियांशु, लक्ष्य त्यागी, प्रियांशु गुर्जर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## स्क्रैप दिलाने का झांसा देकर व्यापारी से 50 लाख हड़पे

**जासं, मेरठ :** लोहियानगर के हुमांयूनगर में स्क्रैप दिलाने का झांसा देकर एक युवक ने जानसठ के व्यापारी से 50 लाख रुपये हड़प लिए। एक साल से आरोपित स्क्रैप व्यापारी को झांसा दे रहा है। रकम वापस न मिलने पर मंगलवार को व्यापारी ने थाना लोहियानगर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है। आरोपित अपना सामान व घर बेचकर स्वजन के साथ फरार हो गया है।

मुजफ्फरनगर के जानसठ निवासी परवेज ने बताया कि वह स्क्रैप का कारोबार करता है। छह नवंबर 2025 को उसकी मुलाकात हुमांयूनगर निवासी आमिर से हुई। आमिर ने बताया कि उसके पास स्क्रैप है। यह माल मेरठ में उसकी फैक्ट्री में रखा है जिसे वह बेचना चाहता है। आमिर की बातों में आकर परवेज ने 6 नवंबर 2025 को उसके खाते में 50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद स्क्रैप नहीं मिला तो वह आरिफ की फर्म के दिए पते पर पहुंचा। यहां आमिर नहीं मिला। एक साल तक वह चक्कर लगाता रहा लेकिन आमिर ने उसके रुपये वापस नहीं किए। घर जाने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। अब पता चला कि वह घर व फैक्ट्री बेचकर फरार हो गया। लोहियानगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एनसीसी भर्ती में छात्रों ने दिखाए जौहर, 51 का चयन

**भोपा:** जनता इंटर कालेज में 82 यूपी एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में एनसीसी कैडेट्स की नई भर्ती की गई। पहले चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षा और दूसरे चरण में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। भर्ती प्रक्रिया में 89 पंजीकृत छात्रों, जिनमें 55 ब्वायज और 34 गर्ल्स शामिल थे, ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 51 छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। कमांडिंग आफिसर कर्नल प्रवीण भाल के दिशा-निर्देशन में सीनियर डिवीजन में एनसीसी कैडेट्स की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत दौड़ प्रतिस्पर्धा हुई। सीनियर एनसीसी प्रभारी मेजर अरविंद कुमार और एनसीसी प्रभारी चीफ आफिसर रमन सिंह ने एनसीसी की महत्ता पर प्रकाश डाला। -संसू।

GULSHAN POLYOLS LIMITED

**गुलशन पोलीओल्स लिमिटेड**

**सीआईएनः** L24231UP2000PLC034918
**पंजीकृत कार्यालयः** 9वां कि.मी., जनसठ रोड, मुजफ्फरनगर – 251001, उत्तर प्रदेश, भारत
**कॉर्पोरेट कार्यालयः** जी–81, प्रीत विहार, दिल्ली–110092, भारत
**फोनः** +91 11 49999200; **फैक्सः** +91 11 49999202
**ई–मेलः** cs@gulshanindia.com; वेबसाइटः www.gulshanindia.com

**26वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुलशन पोलीओल्स लिमिटेड **("कंपनी")** के सदस्यों की 26वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") **शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026 को 01:00 बजे अपराह्न (भारतीय मानक समय) द सॉलिटेयर इन होटल, 6 माइल स्टोन, मेरठ रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग 58, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश–251001** में, एजीएम की सूचना दिनांकित **06 अगस्त, 2026** में निर्धारित व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित किया जाना निर्धारित है।

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020 तथा इस संबंध में तत्पश्चात् जारी परिपत्रों, जिनमें नवीनतम परिपत्र सं. 03/2025 दिनांकित 22 सितंबर, 2025 है, एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/&PoD&2/P/CIR/2024/133 दिनांकित 03 अक्टूबर, 2024 एवं इस संबंध में एमसीए तथा सेबी द्वारा समय–समय पर जारी अन्य सभी प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट ("वार्षिक रिपोर्ट"), जिसमें 26वीं एजीएम की सूचना भी शामिल है, को **18 अगस्त, 2026** को केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जिनके ई–मेल पते शुक्रवार, 14 अगस्त, 2026 को कंपनी अथवा मेसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड ("आरटीए") एवं डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) ("डीपी") के पास पंजीकृत हैं।

इसके अतिरिक्त, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(1)(बी), यथा संशोधित, के अनुसार, कम्पनी के उन शेयरधारकों को एक पत्र भी भेजा गया है, जिनकी ई–मेल आईडी कंपनी अथवा अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, आरटीए अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकृत नहीं है, जिसमें सटीक पथ तथा क्यूआर कोड सहित एक वेब–लिंक उपलब्ध कराया गया है, जहाँ वार्षिक रिपोर्ट का पूर्ण विवरण उपलब्ध है। एजीएम की सूचना सहित वित्तीय वर्ष 2025–26 की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.gulshanindia.com तथा बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

**रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम में वोटिंग हेतु निर्देश**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 तथा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 और सचिवीय मानक–2 के अनुसरण में, कंपनी को एजीएम में पारित किए जाने हेतु प्रस्तावित संकल्पों पर सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

शुक्रवार, 04 सितंबर, 2026, कट–ऑफ तिथि, को भौतिक अथवा विमूर्त रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्य, एनएसडीएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से evoting@nsdl.com पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सकेंगे। जिस व्यक्ति का नाम कट–ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थियों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने तथा एजीएम में मतपत्रों के माध्यम से मतदान करने हेतु अधिकृत होगा।

सदस्यों के मतदान अधिकार शुक्रवार, 04 सितंबर, 2026 ("कट–ऑफ तिथि") को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी में उनके शेयर के अनुपात में होगा।

रिमोट ई–वोटिंग मंगलवार, 08 सितंबर, 2026 को 9:00 बजे पूर्वाह्न (भारतीय मानक समय) प्रारंभ होगी एवं **बृहस्पतिवार, 10 सितंबर, 2026 को 5:00 बजे अपराह्न (भारतीय मानक समय)** तक उपलब्ध रहेगी। बृहस्पतिवार, 10 सितंबर, 2026 को 5:00 बजे अपराह्न रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को मतदान हेतु निष्क्रिय कर दिया जाएगा। किसी संकल्प पर सदस्य द्वारा एक बार मत प्रदान किए जाने के पश्चात्, सदस्य बाद में उसमें संशोधन नहीं कर सकेंगे।

इसके पश्चात् एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा और उक्त तिथि एवं समय के उपरांत सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने की अनुमति नहीं होगी।

कोई भी व्यक्ति जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कंपनी का सदस्य बनता है और ई–वोटिंग की कट–ऑफ तिथि अर्थात् **शुक्रवार, 04 सितंबर, 2026** को शेयर धारित करता है, वह investorsrelation@gulshanindia.com तथा evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेजकर, अन्य बातों के साथ, यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया बैठक की सूचना में भी दी गई है, जो कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यदि सदस्य पहले से ही कंपनी के पास ई–वोटिंग हेतु पंजीकृत है, तो वह रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना मत प्रदान करने के लिए अपनी मौजूदा यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक मतदान की प्रक्रिया एजीएम की सूचना के साथ–साथ एनएसडीएल द्वारा सदस्यों को भेजे गए ई–मेल में भी उपलब्ध है। किसी भी प्रश्न/शिकायत की स्थिति में, सदस्य एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com के 'डाउनलोड' अनुभाग में उपलब्ध सदस्यों हेतु 'फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चनस' (FAQs) तथा सदस्यों हेतु 'ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका' का संदर्भ ले सकते हैं।

श्री तनुज वोहरा (सदस्यता सं. 5621 एवं सी.पी. सं. 5253), प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी, भागीदार – मेसर्स टीवीए एंड कंपनी एलएलपी, कंपनी सेक्रेटरीज को एजीएम से पूर्व तथा एजीएम के दौरान मतदान प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संवीक्षा करने हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

एजीएम में मतपत्रों के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा एजीएम में उपस्थित वे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना मत प्रदान नहीं किया है, एजीएम में मतपत्रों के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

**ई–मेल आईडी एवं केवाईसी विवरण का पंजीकरण**

**भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारकः** ऐसे शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कम्पनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') अर्थात् अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड के साथ, कम्पनी के आरटीए को rta@alankit.com पर एवं कम्पनी को investorsrelation@gulshanindia.com पर अनुरोध भेज कर अपना ई–मेल आईडी पंजीकृत करें। उक्त अनुरोध के साथ केवाईसी अद्यतन हेतु फॉर्म ISR–1 भी संलग्न करना होगा।

**विमूर्त रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारकः** ऐसे शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के साथ अपना ई–मेल आईडी पंजीकृत करें।

ई–मेल पता पंजीकृत करने में किसी भी प्रश्न/कठिनाई के मामले में, शेयरधारक आरटीए को rta@alankit.com पर या कम्पनी को investorsrelation@gulshanindia.com पर लिख सकते हैं।

जिन भौतिक शेयरधारकों ने अभी तक फॉर्म ISR–1, ISR–2, ISR–3 / SH–13 जमा नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे इसे जल्द से जल्द आरटीए/कम्पनी के पास जमा करें। जिन शेयरधारकों के पास विमूर्त रूप में शेयर धारित है, उनसे अनुरोध है कि वे सुनिश्चित करें कि उपरोक्त केवाईसी विवरण एवं नामांकन उनके डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अद्यतानित हो।

**लाभांश एवं पुस्तक बंदी**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 एवं सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 42 के अनुसार एतद् द्वारा आगे सूचित किया जाता है कि कंपनी का सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तकें **शनिवार, 05 सितंबर, 2026 से शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026** (दोनों दिन सम्मिलित) तक वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से बंद रहेंगे तथा लाभांश के भुगतान के प्रयोजन हेतु रिकॉर्ड तिथि शुक्रवार, 28 अगस्त, 2026 है।

**लाभांश पर कर, यदि एजीएम में घोषित हो**

नवीनतम वित्त अधिनियम के अनुसार, 01 अप्रैल, 2020 से प्रभावी, लाभांश आय शेयरधारकों के हाथों में कर योग्य होगी। अतः एजीएम में उक्त लाभांश घोषित किए जाने की स्थिति में, कंपनी को उक्त लाभांश के भुगतान के समय लागू दरों पर स्रोत पर कर की कटौती करना अपेक्षित होगा।

टीडीएस की दर शेयरधारक की आवासीय स्थिति तथा शेयरधारकों द्वारा प्रस्तुत और आय–कर अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी द्वारा स्वीकार किए गए दस्तावेजों के आधार पर भिन्न हो सकती है। विभिन्न श्रेणियों के लिए लागू दरों के संबंध में शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे नवीनतम वित्त अधिनियम तथा उसमें किए गए संशोधनों का संदर्भ लें।

टीडीएस की दरों, कर छूट संबंधी दस्तावेजों तथा संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के विवरण हेतु सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना का संदर्भ लें।

लाभांश के संबंध में सभी संचार/प्रश्न हमारे आरटीए, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को उसके ईमेल पतेः rta@alankit.com या कम्पनी को उसके ईमेल पतेः investorsrelation@gulshanindia.com पर संबोधित किए जाने चाहिए।

**कृते गुलशन पोलीओल्स लिमिटेड**
**हस्ताक्षर**
**डॉ. चंद्र कुमार जैन**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
**डीआईएनः 00062221**

**स्थानः दिल्ली**
**दिनांकः 18 अगस्त, 2026**

**NATIONAL INSTITUTE OF SECONDARY STEEL TECHNOLOGY (NISST)**
**(Established by Ministry of Steel, Government of India)**
**G.T. Road, Sirhind Side, Mandi Gobindgarh, Punjab - 147301**

**प्रवेश सूचना**

भारत भर के आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से निम्नलिखित ट्रेडों में तीन माह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

**1. ) इलेक्ट्रिशियन** **2. ) फिटर**

**कार्यक्रम की विशेषताएँ:**

1.) सेकेंडरी स्टील क्षेत्र में औद्योगिक कार्यप्रणालियों एवं उद्योग भ्रमण का अनुभव।
2.) प्रति बैच 25 प्रशिक्षुओं की कक्षा क्षमता।
3.) प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत प्लेसमेंट सहायता।
4.) आवास एवं भोजन, यूनिफॉर्म, सुरक्षा किट, स्टेशनरी किट, पाठ्यपुस्तकें तथा 1 वर्ष का दुर्घटना बीमा कवरेज।

**पाठ्यक्रम शुल्कः ₹.** 1,000/– + 18% जीएसटी
**बैच प्रारंभ होने की तिथि :** 01.09.2026
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः** 29.08.2026
**आवेदन कैसे करें:** आवेदन पत्र एवं विस्तृत दिशा-निर्देश NISST की वेबसाइट ( www.nisst.org ) पर उपलब्ध हैं।
**प्रशिक्षण स्थलः** राष्ट्रीय द्वितीयक इस्पात प्रौद्योगिकी संस्थान (NISST), जी.टी. रोड, सिरहिंद साइड, मंडी गोबिंदगढ़, पंजाब–147301

**Director**
**National Institute of Secondary Steel Technology (NISST)**

एन बी सी सी NBCC
नवरत्न सीपीएसई
ASPIRE

**माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एलडी. कोर्ट रिसीवर के माध्यम से अनुवीक्षित आवासीय परियोजनाएं**

**एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित**

**नोएडा और ग्रेटर नोएडा (डब्ल्यू) में सभी प्रीमियम एस्पायर परियोजनाओं में अतिरिक्त एफएआर आवासीय इकाइयों की बिक्री के लिए चैनल पार्टनर्स की नियुक्ति**

**एस्पायर सिलिकॉन सिटी** – **सैक्टर-76, नोएडा, उ.प्र.** – मालसूची: आधुनिक सुविधाओं सहित विशाल 4 बी.एच.के. के अपार्टमेंट्स

**एस्पायर लेज़र पार्क** – **टेकज़ोन - IV, ग्रेटर नोएडा (डब्ल्यू), उ.प्र.** – मालसूची: आधुनिक सुविधाओं सहित विशाल 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के विशाल अपार्टमेंट्स

**एस्पायर लेज़र वैली** – **टेकज़ोन - IV, ग्रेटर नोएडा (डब्ल्यू), उ.प्र.** – मालसूची: आधुनिक सुविधाओं सहित विशाल 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के विशाल अपार्टमेंट्स

**एस्पायर सेंचुरियन पार्क** – **टेकज़ोन - IV, ग्रेटर नोएडा (डब्ल्यू), उ.प्र.** – मालसूची: आधुनिक सुविधाओं सहित विशाल 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के अपार्टमेंट्स



**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय:**
**20.08.2026 को सुबह 11.00 बजे तक या इससे पूर्व (ऑनलाइन)**

**तकनीकी निविदा खोलने की तिथि और समय:**
**20.08.2026 को सुबह 11.30 बजे**

**ईएमडी: 2.78 करोड़ रुपये**

**आवासीय इकाइयों का अनुमानित बिक्री मूल्य:**
**लगभग ₹4712,56,52,631/-**

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें: **https://nbcc.enivida.com** या **97729 07414**